# गुरु साहिब ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया

**श्री आनंदपुर साहिब, 24 नवंबर. पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने श्री आनंदपुर साहिब में भाई जैता जी स्मारक पर सोमवार को बुलाये गये पंजाब विधान सभा के ऐतिहासिक विशेष सत्र को संबोधित करते हुए नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी.**

रंगरेटा गुरु का बेटा भाई जैता जी को समर्पित इस स्थान से संबोधन करते हुए वित्त मंत्री ने गुरु साहिब की अनुपम शहादत को मानव इतिहास में सर्वोच्च बताया और कहा कि गुरु साहिब ने दूसरे धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया.



## अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब पवित्र शहर घोषित

पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित किया. इस सत्र के दौरान पंजाब सरकार ने राज्य के तीन शहरों, अमृतसर वॉल्ड सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहर का दर्जा देने का फैसला किया है.

### भाव विभोर दिव्य ड्रोन शो ने जीता मन : केजरीवाल

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी पर आनंदपुर साहिब में आयोजित भव्य ड्रोन शो ने न सिर्फ श्रद्धालुओं को, बल्कि देशभर के लोगों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ड्रोन शो में गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन की प्रमुख घटनाएं, उनकी शिक्षाएं और समाज के लिए किया गया. महान बलिदान शानदार तकनीकी प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. केजरीवाल ने लिखा कि यह दृश्य उनके लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव था, जो उन्हें जीवनभर स्मरण रहेगा. आयोजन स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं और संगत ने भी इस अनोखी प्रस्तुति की खूब सराहना की. तकनीक और आस्था के सुन्दर संगम ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया. श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी पर आयोजित ड्रोन शो ने ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्त्व की एक अनोखी मिसाल पेश की. कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए, जिनके लिए यह आयोजन सिर्फ एक तकनीकी प्रस्तुति नहीं, बल्कि गुरु साहिब के अविचल धैर्य, त्याग और बलिदान को समर्पित एक गहन आध्यात्मिक अनुभव बन गया। इसी कार्यक्रम में उपस्थित आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी अपने भावों को रोक न सके.

# कनाडा ने नागरिकता नियम बदले

## 2009 में लागू किए 'सेकंड जेनरेशन कट-ऑफ' नियम को किया खत्म

**पीएम मोदी से मीटिंग से पहले कनाडा का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली. 24 नवबंर. भारत और कनाडा के रिश्तों में लंबे समय बाद गर्माहट लौटती दिख रही है.**

दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में 20 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मुलाकात ने द्विपक्षीय संबंधों में जमी बर्फ को लगभग पिघला दिया. लेकिन इस बहुप्रतीक्षित मुलाकात से ठीक पहले कनाडा सरकार ने ऐसा फैसला लिया जिसने हजारों



भारतीय मूल के परिवारों के चेहरे पर मुस्कान ला दी. कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़े बदलाव को अंतिम मंजूरी दे दी है. यह बदलाव उन परिवारों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा जिनके बच्चे विदेश में पैदा होने के कारण कनाडाई नागरिकता पाने से वंचित रह जाते थे.

> नए प्रावधानों के तहत 2009 में लागू किए गए 'सेकंड जेनरेशन कट-ऑफ' नियम को खत्म कर दिया गया है. इससे वे हजारों भारतीय परिवार राहत की सांस ले सकेंगे जिन्हें अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा था. यह फैसला दोनों देशों के संबंधों में सकारात्मक बदलाव का संकेत देता है .भारत और कनाडा के रिश्ते पिछले सालों में कई तनावपूर्ण मोड़ों से गुजरे, लेकिन जी20 लीडर्स समिट के दौरान हुई उच्चस्तरीय मुलाकात ने इन संबंधों को नई दिशा देने का काम किया है.

# कर्नाटक में सियासी खींचतान तेज, विधायक दिल्ली में डटे

**सिद्धारमैया के खिलाफ शिवकुमार गुट का दबाव**

**नई दिल्ली, 24 नवंबर. कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की मांग को लेकर खींचतान जारी हैं और छह से ज्यादा कांग्रेस विधायक रविवार देर शाम दिल्ली पहुंचे.**

पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस विधायकों का दिल्ली आना जारी है. सूत्रों के अनुसार कर्नाटक कांग्रेस में राजनीति इन दिनों काफी तेज हो चुकी है. उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक विधायक मुख्यमंत्री बदलने की मांग को लेकर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान का दरवाजा खटखटा रहे हैं. पिछले एक हफ्ते में तीसरी बार ऐसा हुआ है, जब शिवकुमार गुट के विधायक दिल्ली आये हैं. दिल्ली में जुटे सभी विधायक मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के खिलाफ असंतोष जता रहे हैं. विधायकों का मानना है कि पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है आलाकमान को इस मामले में फैसला लेना चाहिए. ये विधायक आलाकमान के जवाब का इंतजार कर रहे हैं. विधायकों का गुस्सा बजट आवंटन, टिकट वितरण और सत्ता में साझेदारी जैसे मुद्दों को लेकर है. गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बेंगलुरू में स्थानीय नेताओं के साथ बैठकों में व्यस्त हैं. कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलाव पर श्री खरगे ने कहा है कि जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

## यूक्रेन प्रतिबंधित हथियारों का कर रहा इस्तेमाल : रूस

**मॉस्को, 24 नवंबर.** यक्रेनी सेना अंतरराष्ट्रीय समझौतों की पूरी तरह से अनदेखी करते हुए, बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल कर रही है.यह दावा रूसी सेना के एक कमांडर ने किया. रस असॉल्ट टुकड़ी के एक कमांडर ने स्पुतनिक को बताया, एंटीपर्सनल माइन्स के कई अलग-अलग संशोधनों का उपयोग बहुत अधिक हो गया है. मैग्नेटिक रेजोनेंस पर रिमोट से संचालित होने वाले विस्फोटकों का खतरा भी काफी बढ़ गया है. कई अलग-अलग प्रकार के माइनस्वीपर ट्रैप्स तैयार किए हैं. पिछले साल की तुलना में इन विशेष विस्फोटकों से उत्पन्न खतरा स्पष्ट रूप से काफी बढ़ गया है.

# राजनाथ के बयान से पाक में बढ़ी बैचेनी

**नई दिल्ली , 24 नवबंर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर सिंध को चर्चा में ला दिया है. उन्होंने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुए सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंध इलाके को लेकर जो कहा, उसकी गूंज फौरन ही पाकिस्तान में भी सुनाई दी.**

श्री सिंह ने कहा, सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा. जहां तक जमीन की बात है, बार्डर तो बदल सकते हैं, क्या पता फिर से सिंध, भारत में वापस आ जाए. श्री सिंह के इसी बयान पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ऐसे बयान एक विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को दिखाते हैं, जो स्थापित हक़ीक़तों को चुनौती देते हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते है. पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम राजनाथ सिंह और अन्य भारतीय नेताओं से अपील करते हैं कि वे ऐसे उकसाने वाले बयान न दें जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं. पाकिस्तान से आए सिंधी लोग आज भी यह कहते हैं, घटना ठीक वैसे ही हुई जब ईरान मे इस्लाम के बढ़ते नियंत्रण के कारण मूल निवासी पारसी, जमीन छोड़ कर महाराष्ट्र आ बसे थे.

> श्री सिंह ने यह भी कहा, विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए. आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है. इतिहास गवाह है कि भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है. गौरतलब है कि जब अंग्रेजों का भारत पर कब्जा था तो सिंध का इलाका बॉम्बे प्रांत महाराष्ट्र-गुजरात) का हिस्सा था. जब 1947 में स्वतंत्रता मिली तो सिंध पाकिस्तान को मिल गया और सिंधियों का भारत में पलायन हुआ.



# महाराष्ट्र में चुनाव से पहले 100 पार्षद निर्विरोध चुने गए

## 49 उत्तर महाराष्ट्र से, 41 पश्चिम महाराष्ट्र से है पार्षद

**नागपुर, 24 नवबंर. बिहार में शानदार जीत के बाद भाजपा के लिए महाराष्ट्र से भी बड़ी राजनीतिक खबर सामने आई है.**

राज्य में 2 दिसंबर को होने वाले नगर परिषद और नगर पंचायत चुनाव से पहले ही पार्टी ने बढ़त बना ली है. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के मुताबिक, पार्टी के 100 पार्षद बिना किसी मुकाबले के ही निर्विरोध चुन लिए गए हैं. यही नहीं, तीन नगर परिषद अध्यक्ष भी बगैर चुनाव मैदान में उतरे ही निर्वाचित घोषित हो गए.



चव्हाण ने इसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व की लोकप्रियता और भाजपा संगठन की मजबूत पकड़ का परिणाम बताया है. उन्होंने दावा किया कि मतदान से पहले इतनी बड़ी संख्या में सीटें मिलना पार्टी के बढ़ते जनाधार का संकेत है. लेकिन विपक्ष इसे भाजपा की लोकप्रियता नहीं, बल्कि चुनावी दबाव व सत्ता के प्रभाव का नतीजा बता रहा है.

## एक नजर में



### थाईलैंड में 24 घंटे में 335 मिमी बारिश

**बैंकाक, 24 नवंबर.** थाईलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसके चलते दस राज्यों में भीषण बाढ़ आ गई है. मौसम विभाग और रॉयल इरिगेशन डिपार्टमेंट के मुताबिक तेज मॉनसून ट्रफ और लो-प्रेशर सिस्टम के कारण पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है. कई जगहों पर 24 घंटे के भीतर 300 से 500 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है. सबसे ज्यादा नुकसान सोंगखला प्रांत के हाट याई शहर में हुआ. यहां 21 नवंबर को 335 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. इससे घरों, दुकानों और सड़कों में भारी नुकसान हुआ. कई स्थानों पर लोग घरों में फंसे हुए हैं और रेस्क्यू टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटी हैं. स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ते ही अतिरिक्त रेस्क्यू बल तैनात किए जाएंगे. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है.

### हमले में पांच लोगों की मौत और 28 घायल

**बेरूत, 24 नवंबर.** लेबनान में बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रविवार की शाम अचानक तेज रोशनी चमकी, उसके बाद गूंज उठा एक धमाका और कुछ ही सेकंड में नौ मंजिला इमारत का हिस्सा मलबे के ढेर में बदल गया. यह वही इलाका है जहाँ हिजबुल्लाह का मजबूत प्रभाव माना जाता है. इजरायल ने दावा किया कि उसकी एयरस्ट्राइक ने हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य चेहरे और चीफ ऑफ जनरल स्टाफ हायथम अली तबताबाई को निशाना बनाकर मार गिराया है. हालांकि हिजबुल्लाह ने इस दावे की पुष्टि नहीं की, लेकिन स्वीकार किया कि एक वरिष्ठ नेता को टारगेट किया गया था .लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस हमले में पाँच लोगों की मौत और 28 से अधिक लोग घायल हुए हैं. विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं और आसपास की इमारतों के शीशे चकनाचूर हो गए.

### 765 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते 3 ट्रक जप्त

**बीजापुर, 24 नवंबर.** छत्तीसगढ के बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने जिला प्रशासन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सख़्त निगरानी जारी है. कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर तारलागुड़ा चेक पोस्ट में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई, जहां कुल 765 क्विंटल धान परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को जप्त किया गया. वाहन चालकों ने पूछताछ में बताया कि यह धान तेलंगाना के मुलगु ज़िले से पेन सीड्स नामक माध्यम के जरिए रायपुर-दुर्ग भेजा जा रहा था. हालांकि मौके पर डिलीवरी ऑर्डर तथा अन्य आवश्यक परिवहन दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए जा सके. दस्तावेज़ों के अभाव में टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रकों को जप्त कर थाना तारलागुड़ा के सुपुर्द कर दिया.

# प्राकृतिक खेती को बढ़ाना आवश्यक है

**अंतर्राष्ट्रीय सस्य विज्ञान कांग्रेस शुभारंभ पर बोले शिवराज सिंह**

**नई दिल्ली, 24 नवंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में छठा अंतर्राष्ट्रीय सस्य विज्ञान कांग्रेस आज नई दिल्ली के एनपीएल ऑडिटोरियम, पूसा परिसर में शुरू हुआ.**

यह तीन दिवसीय वैश्विक कार्यक्रम 26 नवंबर तक चलेगा. शुभारंभ सत्र में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि वे ऐसा अनुसंधान करें, जिससे आम किसानों को उसका लाभ मिलें. पोषणयुक्त खाद्यान्न की उपलब्धता के साथ किसानों की आजीविका सुरक्षित करने की



आवश्यकता बताते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि आज प्राकृतिक खेती को बढ़ाना आवश्यक है, हम सबको चिंता करना जरूरी है कि ये धरती कैसी सुरक्षित रहें. कृषि में विज्ञान के माध्यम से हमने खाद्यान्न उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, परंतु छोटी जोत के किसानों की आजीविका सुनिश्चित करने हेतु चिंतन करने की आवश्यकता है.

> शिवराज सिंह ने कहा कि एग्रोनॉमी केवल मनुष्य मात्र की चिंता के लिए न होकर सभी जीवों, एवं प्रकृति के लिए अध्ययन करने की आवश्यकता है. समाधान ही समस्या न बन जाए, इसके लिए किसान और वैज्ञानिकों को मिलकर काम करने की नितांत आवश्यकता है. केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश में 46 फीसदी आबादी खेती पर निर्भर है, उनकी आय बढ़ाने के लिए देश प्रतिबद्ध है. शिवराज सिंह ने चिंता भरे स्वर में कहा कि केमिकल फर्टिलाइजर का ऐसा ही प्रयोग होता रहा तो आने वाली पीढ़ियों का क्या होगा.

# दुनिया भर में गीता का संदेश पहुंचाएगा विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली 24 नवंबर. विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने भगवद गीता को धार्मिक सीमाओं से परे बताते हुए कहा है कि विदेश मंत्रालय 50 से भी अधिक देशों में कार्यक्रमों का आयोजन कर गीता का संदेश दुनिया भर में पहुंचाएगा.**

विदेश मंत्री ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में 0वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अपने संबोधन में कहा कि यह पवित्र ग्रंथ धार्मिक सीमाओं से परे है और यह सही जीवन जीने, अंदरूनी ताकत और आध्यात्मिक स्पष्टता के लिए एक यूनिवर्सल गाइड है. इसकी शिक्षाएँ लोगों के मन को रोशन करती रहती हैं और बदलती दुनिया में मार्गदर्शन तथा ज्ञान देती हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष विदेश मंत्रालय इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय बनाने के लिए हरियाणा सरकार, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, और साझीदार राज्य मध्य प्रदेश तथा दूसरे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है. इस प्रयास में प्रमुख संगठन के तौर पर मंत्रालय ने दुनिया भर में गीता के संदेश के प्रसार में अहम भूमिका निभाई है. उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ मिलकर जाने-माने विदेशी विद्वानों की पहचान की है जो इस महोत्सव में हिस्सा लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे.

## आज का इतिहास

- **1741-** रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस के सहयोग से तख्ता पलट कर सेंट
- **1866-** इलाहाबाद उच्च न्यायालय का उद्घाटन.
- **1867-** अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया.
- **1948-** भारत में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की स्थापना.
- **1949-** संविधान के निर्माता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने संविधान सभा में ऐतिहासिक भाषण दिया.
- **1952-** क्रिकेट से राजनीति में आये पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जन्म

# छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा व लैंगिक समानता पर दी जानकारी

**जशपुर, 24 नवंबर. छत्तीसगढ के जशपुर में पुलिस और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में क्लिक सेफ एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास जशपुर में किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों, मानव तस्करी, बाल विवाह, नशा पान, सोशल मीडिया सुरक्षा और लैंगिक समानता के मुद्दों पर जागरूक करना था. सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक,आज के डिजिटल युग में मोबाइल, ऑनलाइन बैंकिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़े हैं. साइबर ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को धोखा दे रहे हैं, ऐसे में जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है. इसी दृष्टि से जशपुर पुलिस ने यूनिसेफ के सहयोग से क्लिक सेफ नामक अभियान के तहत साइबर योद्धाओं को तैयार किया है, जो बाजार, हाट-बाजार, स्कूल-कॉलेजों सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों को साइबर सुरक्षा और सामाजिक मुद्दों पर जानकारी दे रहे हैं.इसी क्रम में 23 नवंबर को साइबर सेल जशपुर और यूनिसेफ टीम द्वारा छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के दौरान डीएसपी (अजाक) भावेश समरथ ने छात्राओं को बताया कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड और सोशल मीडिया अपराध लगातार बढ़ रहे हैं.

# शामली स्टेशन होगा मॉडर्न, 25 करोड़ की सौगात

**'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत नई आधुनिक सुविधाएं**

## 2014 के बाद 5272 किमी नए ट्रैक

**नई दिल्ली, 24 नवबंर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज दिनांक 24 नवम्बर को बड़ौत स्टेशन पर दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू ट्रेन सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह, विधान परिषद के सदस्य मोहित बेनीवाल, विधानसभा के सदस्य कृष्ण पाल मालिक तथा बड़ौत नगर पालिका की चेयरपर्सन बबीता तोमर की उपस्थिति रहीं. विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए,अश्विनी वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल यात्रियों की बेहतर सेवा के लिए लगातार प्रयास कर रही है. दिल्ली और शामली के बीच दो नई मेमू सेवाओं के प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के डेली पैसेंजर्स, छात्र, किसान और प्रोफेशनल्स को बेहतर मोबिलिटी का लाभ मिलेगा. उन्होंने बताया कि शामली स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है शामली-बागपत क्षेत्र की एक लंबे समय से लंबित मांग आज दो नई मेमू ट्रेनों के



उद्घाटन के साथ पूरी हो रही है. ये ट्रेनें इस क्षेत्र के लोगों के लिए यात्रा को आसान बना देंगी.

> श्री वैष्णव द्वारा दिल्ली-शामली खंड के दोहरीकरण की घोषणा के समय, बड़ौत स्टेशन पर उपस्थित विशाल जनसमूह ने तालियाँ बजाकर इसका स्वागत किया. मंच पर उपस्थित नेताओं ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने के लिए श्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी व्यक्त किया. श्री वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद 5272 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं जो स्विट्ज़रलैंड के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है. उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों का शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन किया जा चुका है. इसके अलावा वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में 1460 फ्लाईओवर तथा रोड अंडर ब्रिज बनाए गए हैं. यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्टेशनों पर 154 लिफ्ट और 156 एस्केलेटर लगाए गए हैं, 771 स्टेशनों पर वाईफाई की सुविधा प्रदान की गई है.

**भावुक संदेश पोस्ट किए** — **देश के बड़े नेताओं ने व्यक्त की गहरी संवेदना**

# धर्मेंद्र के निधन पर राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर

**नई दिल्ली, 24 नवंबर. देश भर में आज गहरा सन्नाटा सा छाया है, क्योंकि भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकार श्री धर्मेंद्र जी अब हमारे बीच नहीं रहे.**

उनकी विदाई ने न सिर्फ बॉलीवुड को झकझोर दिया, बल्कि पूरे देश के दिलों को एक साथ दुखी कर दिया है. पर्दे पर अपनी सादगी, मुस्कान और दमदार किरदारों से करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले धर्मेंद्र जी के जाने से हर कोई भावुक है. सोशल मीडिया से लेकर संसद तक हर जगह सिर्फ एक ही नाम गूंज रहा है- धर्मेंद्र. फिल्मी जगत के




सितारे आँसुओं के साथ उन्हें याद कर रहे हैं, वहीं राजनीतिक गलियारों में भी शोक की लहर फैल गई है. देश के बड़े नेताओं ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विपक्ष के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे सभी ने एक्स (ट्विटर) पर भावुक संदेश साझा किए और धर्मेंद्र जी के योगदान को याद किया. लोगों का कहना है कि धर्मेंद्र जी सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि वह एक भावना थे- सरलता, विनम्रता और इंसानियत का चेहरा. उनकी मुस्कान, उनका अंदाज और उनकी फिल्में आने वाले समय में भी लोगों की यादों में हमेशा जिंदा रहेंगी. धर्मेंद्र जी उन चुनिंदा अभिनेताओं में से एक रहे, जिन्होंने जिस किरदार को छुआ, वह जीवंत बन उठा और अपनी इसी कला के माध्यम से उन्होंने हर आयु-वर्ग के करोड़ों दर्शकों का दिल जीता.

> केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. एक्स पर पोस्ट में अमित शाह ने कहा बेहतरीन अभिनय से 6 दशकों तक हर देशवासी के दिल को छूने वाले धर्मेंद्र जी का निधन सिनेमा जगत के लिए क्षति है. सामान्य परिवार से आकर उन्होंने फिल्म जगत में अमिट पहचान बनाई.



> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ. उन्होंने अपने बेजोड़ आकर्षण और ईमानदारी से कई यादगार किरदारों को जीवंत बना दिया. भारतीय सिनेमा में उनके उल्लेखनीय योगदान को हमेशा याद किया जाएगा. उनके शोक संतप्त परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना.



> खरगे ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा भारतीय फिल्म जगत ने आज एक बहुमूल्य सितारा खो दिया. वर्ष 2012 में पद्मभूषण से सम्मानित धर्मेंद्र ने दशकों तक सिनेमा प्रेमियों के दिलों पर राज किया और अपने अभूतपूर्व अभिनय तथा सादगीपूर्ण जीवन से एक गहरी छाप छोड़ी. उन्होंने आगे कहा , मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे.



# हिमाचल प्रदेश शुष्क शीत लहर की चपेट में, तापमान भी गिरा

**शिमला, 24 नवंबर. हिमाचल प्रदेश तेज और शुष्क शीत लहर की चपेट में है जिससे पूरे राज्य में दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं. लंबे समय से बारिश न होने से तापमान बहुत गिर गया है.**

लाहौल-स्पीति का आदिवासी इलाका मौसम का सबसे ठंडा इलाका बन गया है, जहां रात का तापमान काफी नीचे चला गया है. यह कड़ाके की सर्दी केवल ऊंचाई वाले इलाकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि राज्य के तेरह बड़े शहरों में तापमान पांच डिग्री सेंटीग्रेड या उससे कम दर्ज किया गया है, जो इस नवंबर की ठंडी लहर की तेजी को दर्शाता है. पहाड़ों में तापमान में तेज गिरावट से सड़कों पर बर्फ जमने का खतरा बढ़ गया है. यात्रा करना बहुत मुश्किल और खतरनाक हो गया है. रविवार को सुंदरनगर, मंडी और बिलासपुर जैसे इलाकों में हल्का कोहरा छाए रहने से सुबह आने-जाने वालों के लिए खतरा और बढ़ गया.शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि 27 नवंबर तक सूखा और ठंडा मौसम रहने की उम्मीद है. अगले 48 घंटों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा. आने वाले 3-4 दिनों तक रात का तापमान कम रहने की उम्मीद है, जिससे ठंड का असर और बढ़ेगा.